'यह दीवाली, माय भारत वाली' कार्यक्रम

राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी की एन. एस. एस. इकाई द्वारा, दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 को 'यह दीवाली, माय भारत वाली' अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत सर्वप्रथम प्राचार्य महोदया, डॉ. दीपशिखा भारद्वाज द्वारा एन. एस. एस. स्वयं-सेवियों को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने सभी स्वयंसेवियों को इस दीवाली यह प्रण लेने का संदेश दिया कि अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखे और प्रकृति के प्रति अपने मानव होने के दायित्व को पूर्ण करे। इसके बाद स्वयं सेवियों द्वारा कोटी बाजार के सभी दुकानदारों से आस-पास स्वच्छ रखने एवं प्लास्टिक का उपयोग न करके की अपील की। इसके बाद स्वयं सेवियों द्वारा गोद लिए गए गाँव श्रेणी की साफ़-सफ़ाई की गई और साथ ही दीवाली के इस शुभ अवसर पर, वातावरण की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार दर्शाने के लिए गाँव वालों एवं प्रवासी मज़दूरों को 'दिये' एवं 'शुभ दीपावली पट्टिका' (स्वयं-सेवियों द्वारा हस्त निर्मित) का आबंटन किया गया।
इस कार्यक्रम का नेतृत्व एन. एस. एस. संयोजक डॉ. सुशील मेहता द्वारा किया गया।